
पूजा-अर्चना | डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

# मुख्यमंत्री ने मां बिरासिनी माता के किए दर्शन





**चिल्हारी नवभारत 31 दिसंबर।** जिले के मानपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिरसिंहपुर पाली स्थित प्रसिद्ध मां बिरासिनी माता मंदिर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सपरिवार दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मां बिरासिनी माता के चरणों में श्रद्धा अर्पित करते हुए कहा कि माता की कृपा से प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो और हर नागरिक के जीवन में खुशहाली आए। उन्होंने प्रार्थना की मां बिरासिनी अपनी कृपा दृष्टि सदैव प्रदेश और प्रदेशवासियों पर बनाए रखें।



**क्षेत्र में रहा उत्साह का माहौल**-दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। मुख्यमंत्री के आगमन से क्षेत्र में उत्साह देखने को मिला। मां बिरासिनी माता मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मुख्यमंत्री की यह धार्मिक यात्रा प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना का प्रतीक मानी जा रही है। इस अवसर पर विधायक मीना सिंह, आयुक्त शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



# डायवर्सन मार्ग नहीं बनने से लग रहा जाम

**ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे राहगीर, आवागमन में हो रही परेशानी**

**नौरोजाबाद नवभारत 31 दिसंबर।** जिले के नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन के पास देवगवां समपार में फ्लाईओवर बनाने का कार्य ठेकेदार द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है, लेकिन वाहनों के आवागमन के लिए डायवर्सन सड़क नहीं बनाई गई है, जिससे आवागमन करने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार डायवर्सन मार्ग नहीं बनाने से सड़क किनारे काली मिट्टी होने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन से नौरोजाबाद कॉलरी होते हुए डिंडोरी तक जाने का यही एक मार्ग है, जिससे इस मार्ग पर दिनभर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। इसके अलावा नौरोजाबाद कालरी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो के लोग ट्रेन पकड़ने के लिए नौरोजाबाद स्टेशन जाते हैं। कई यात्रियों की तो जाम में फंसने के कारण ट्रेन छूट जाती है। अगर समय रहते ठेकेदार द्वारा डायवर्सन सड़क का निर्माण नहीं कराया जाता तो कभी भी कोई घटना हो सकती है।



### बीती रात लगभग 5 घंटे तक जाम लगा रहा

देवगवां समपार में चल रहे ओवर ब्रिज निर्माण के कारण प्रतिदिन जाम लगता है। बीती रात लगभग 5 घंटे तक जाम लगा रहा है। नौरोजाबाद पुलिस को जाम खुलवाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी तब जाकर जाम खुला। राहगीरों ने बताया की ठेकेदार द्वारा ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य तो शुरू कर दिया गया है, लेकिन वाहनों के आने जाने के लिए पर्याप्त डायवर्सन सड़क नहीं बनाई गई है, जिस कारण यहां आए दिन जाम लगता है और लोग परेशान होते हैं।




# बोरी बंधान से मवेशियों को मिलेगी राहत : प्रजापति

**नवांकुर संस्था जया सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ने किया श्रमदान**

**चिल्हारी नवभारत 31 दिसंबर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मानपुर जिला उमरिया के जिला समन्वयक आदरणीय रवींद्र शुक्ल ला के निर्देशानुसार ब्लाक समन्वयक महेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सेक्टर चिल्हारी के ग्राम हरदुआ में करोंदिया नाला में जया सेवा समिति के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा जल संचय अभियान के तहत बोरी बंधान किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हरदुआ द्वारा किया गया बोरी बन्धान। कार्यकर्ताओं को जल के महत्व के बारे में बताया गया व भू जल स्तर को बढ़ाने के लिए सहभागी बनने हेतु प्रेरित किया गया व बताया गया कि नाले में संरक्षित जल मवेशी लिए उपयोगी होगा।

**जल के बिना जीवन संभव नहीं**-कार्यक्रम की अध्यक्षता नवांकुर संस्था जया सेवा समिति अध्यक्ष देव प्रकाश गौतम द्वारा सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं को बताया गया कि जल के बिना जीवन संभव नही है, जल ही जीवन है। इसके पश्चात सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा 31 बोरियों से बोरी बंधान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हरदुआ सचिव ओम प्रकाश तिवारी एंव उनकी समस्त टीम द्वारा किया गया।

इस दौरान सरपंच बिहारी सिंह, जया सेवा समिति अध्यक्ष देव प्रकाश गौतम, प्रस्फुटन समिति सचिव ओमप्रकाश तिवारी, अध्यक्ष रामलखन जैसवाल , परामर्शदाता अन्नपूर्णा सोनी, अच्छेलाल रामसरोज, आदित्य सिंह , हेतराम, राकेश सहित अन्य ग्रामीणों की सहभागिता रही।

# राजस्व के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं



**एसडीएम एश्वर्य वर्मा ने ली पटवारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक**

**शहपुरा नवभारत 31 दिसंबर।** तहसील सभागार में बुधवार को एसडीएम शहपुरा एश्वर्य वर्मा ने पटवारियों की साप्ताहिक राजस्व समीक्षा बैठक ली। बैठक में राजस्व से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

एसडीएम ने फार्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान योजना के अंतर्गत केवाईसी पूर्ण कराने, आरओआर को आधार से खसरा लिंक करने जैसे कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही राजस्व न्यायालय से संबंधित प्रकरणों में समय पर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। सीमांकन के लिए प्राप्त आवेदनों को भी निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### पारदर्शिता से लोगों को मिलेगी राहत

एसडीएम एश्वर्य वर्मा ने स्पष्ट कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी पटवारी अपने-अपने क्षेत्र में कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और समयबद्धता से ही आमजन को राहत मिल सकती है। बैठक में तहसीलदार शहपुरा सुंदर लाल यादव सहित तहसील क्षेत्र के समस्त पटवारी उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने बरगांव खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

**शहपुरा नवभारत 31 दिसंबर।** एसडीएम शहपुरा आईएएस एश्वर्य वर्मा ने बरगांव धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी और उठाव की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्र में कुल 600 स्लॉट निर्धारित हैं, जिनमें से अब तक 419 किसानों द्वारा धान का विक्रय किया जा चुका है। वर्तमान में उठाव की स्थिति 63 प्रतिशत 'रेडी टू ट्रांसपोर्ट' पाई गई। एसडीएम ने उठाव की गति को और तेज करने के लिए केंद्र प्रभारी एवं संबंधित ट्रांसपोर्टर को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ट्रकों के साथ-साथ अतिरिक्त रूप से तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली भी लगाए गए हैं, ताकि धान का समय पर परिवहन सुनिश्चित किया जा सके और खरीदी प्रक्रिया प्रभावित न हो।

**कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए**-निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने जेएसओ जयंत असराटी को निर्देशित किया कि वे पूरे कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होने दें। साथ ही केंद्र प्रभारी को धान के सुव्यवस्थित ढेर लगवाने तथा किसानों को उपज विक्रय के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को समय पर और सुचारु सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।



# मांगों पर अब तक नहीं हुआ कोई ठोस निर्णय, तीसरे दिन भी किसानों की हड़ताल जारी

**नेशनल हाइवे जाम करने की दी चेतावनी**

**शहपुरा नवभारत 31 दिसंबर।** जिले के शहपुरा में भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों की अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन भी लगातार जारी रही। अपनी 29 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान दिन-रात धरने पर बैठे हुए हैं, लेकिन तीसरे दिन भी उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।

किसानों का कहना है कि अब तक शासन-प्रशासन की ओर से केवल आश्वासन मिले हैं, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस पहल या लिखित आदेश सामने नहीं आया है। किसानों के अनुसार सड़क, बिजली, पेयजल, सिंचाई व्यवस्था, नहरों में हुए भ्रष्टाचार की जांच, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और रेलवे लाइन निर्माण जैसी बुनियादी मांगें लंबे समय से लंबित हैं। इन्हीं मांगों को लेकर किसान मजबूरी में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बावजूद शासन-प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई। प्रशासन द्वारा जल्द ही कोई कदम नहीं उठाया गया तो किसानों ने नेशनल हाइवे को जाम करने की चेतावनी दी है।



### लगातार बढ़ रही किसानों की संख्या

हड़ताल स्थल पर लगातार किसानों की संख्या बढ़ रही है। आसपास के गांवों से किसान, युवा और सामाजिक संगठन आंदोलन स्थल पर पहुंचकर समर्थन जता रहे हैं। किसानों का कहना है कि पहले भी कई बार ज्ञापन सौंपे गए, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की गई, लेकिन हर बार उनकी समस्याओं को नजरअंदाज किया गया। इसी कारण अब वे केवल लिखित आश्वासन और ठोस कार्यवाही से कम पर आंदोलन खत्म करने को तैयार नहीं हैं।

### आंदोलन और तेज होने की आशंका

भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि शीघ्र ही शासन-प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। जरूरत पड़ी तो जिले के अन्य क्षेत्रों में भी आंदोलन फैलाया जाएगा। किसानों ने दो टूक कहा है कि यह लड़ाई सिर्फ किसानों की नहीं, बल्कि पूरे डिण्डौरी जिले के विकास और आदिवासी समाज के भविष्य से जुड़ी है। जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक यह अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। तीसरे दिन भी प्रशासनिक उदासीनता के चलते आंदोलन और तेज होने की आशंका जताई जा रही है।

# रेलवे यार्ड में शंटिंग के दौरान हादसा, 3 घायल

**अचानक पीछे लुढ़कीं बोगियां, एक ट्रक भी हुआ क्षतिग्रस्त**

**नवभारत उमरिया 31 दिसंबर।** विगत दिनों जिले के चंदिया थाना क्षेत्र स्थित रेलवे यार्ड में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब ट्रेन की शंटिंग के दौरान कुछ बोगियां अचानक पीछे की ओर लुढ़क गईं। इस हादसे में चावल की लोडिंग कर रहे तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि चावल की खेप लेकर बोगियों तक पहुंचा ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गया।

जानकारी के अनुसार रेलवे यार्ड में मालगाड़ी की बोगियों को अलग-अलग पटरियों पर लगाने का काम चल रहा था। इसी दौरान तकनीकी खराबी या लापरवाही के चलते कुछ बोगियां अनियंत्रित होकर पीछे की ओर सरक गईं। उस वक्त मजदूर बोगियों में चावल की बोरियां लोड कर रहे थे। अचानक हुई इस घटना से वे संभल नहीं सके और बोगियों की चपेट में आ गए।

### हादसे के बाद मची अफरा-तफरी

हादसे के बाद रेलवे यार्ड में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों और कर्मचारियों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार तीनों मजदूरों को गंभीर चोटें आई हैं, हालांकि उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है और इलाज जारी है। इस दुर्घटना में चावल की खेप लेकर यार्ड के भीतर गया ट्रक भी बोगियों की टक्कर से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक का अगला हिस्सा टूटने से लोडिंग कार्य कुछ समय के लिए बाधित रहा।

### मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था पर उठने लगे सवाल

घटना के बाद रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर शंटिंग का काम रोक दिया और हालात का जायजा लिया। सूचना मिलते ही रेलवे जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी। जीआरपी यह पता लगाने में जुटी है कि बोगियां पीछे कैसे खिसकीं, क्या ब्रेक सिस्टम में कोई तकनीकी कमी थी या शंटिंग के दौरान नियमों का पालन नहीं किया गया। रेलवे यार्ड में मौजूद कर्मचारियों और मजदूरों से भी पूछताछ की जा रही है। हुए इस हादसे ने रेलवे यार्ड में मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# गंदगी फैलाने पर दुकान संचालकों पर 29 सौ का लगाया जुर्माना

**नवभारत, कटनी।** स्वच्छता नियमो का उल्लंघन करने पर नगर निगम की टीम ने दुकान संचालकों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 2 हजार 9 सौ रूपए का जुर्माना वसूल किया है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि जोनवार चलाए गए अभियान के दौरान बस स्टैंड, माई नदी से दुबे कॉलोनी तक, माधवनगर बाजार क्षेत्र में चलाए गए अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने, कचरा निर्धारित स्थान पर नहीं डालने, स्वच्छता नियमों की अनदेखी करने वाले व्यक्तियों और दुकान संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 29 सौ रूपए का जुर्माना वसूल किया।






# तीर्थ यात्रियों का जत्था अमरकंटक रवाना

**चिल्हारी नवभारत 31 दिसंबर।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी से बुधवार को एक तीर्थ यात्रियों का जत्था मां नर्मदा की उद्गम स्थल अमरकंटक के लिए रवाना हुआ। यात्रियों को भठिया माता, अमरकंटक में दूध धारा कपिल धारा एवं अन्य दार्शनिक स्थलों का दर्शन कराते हुए शहडोल में बाणगंगा स्नान एवं मां विरासनी के पाली में दर्शन, उचेहरा में करौंदा माता दर्शन करा कर अमोलखोह अन्तर्राष्ट्रीय संत बच्चू बाबा के दर्शन कराकर सभी को यथा स्थान पहुंचाया जाएगा।

# 24 घंटे का श्री सीताराम संकीर्तन शुरू

**चिल्हारी नवभारत।** नए वर्ष के उपलक्ष्य में 31 दिसंबर से 1 जनवरी तक 24 घंटे श्री सीताराम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कन्या भोजन व भंडारा भी होगा। संयोजक श्री श्री 108 श्री श्रवण गिरी महाराज व्यवस्थापक माता रानी के अनन्य भक्त व सभी ग्रामवासी व क्षेत्रवासियों सहित सुरेश पंडा, सुदर्शन जायसवाल, लल्ला चौधरी, रामनरेश दाहिया, सुरेंद्र यादव, छोटेलाल चौधरी, मुकेश दाहिया, कोमल दाहिया, राजू यादव, बाबूलाल जायसवाल, आनंद राम जयसवाल, सेखन जायसवाल, सोनेलाल जायसवाल, राम जियावन चौधरी, रामगोपाल चौधरी, राजमणि त्रिपाठी सहायक सचिव, पारसनाथ चतुर्वेदी, उमेश कोल सरपंच, रामकुमार कोल रज्जन चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।







# सेवानिवृत्त शिक्षक सुखलाल को दी बिदाई

**चिल्हारी नवभारत।** जिले के मानपुर तहसील अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल टिकुरी में सुखलाल प्रजापति प्राथमिक शिक्षक की सेवानिवृत्ति के कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य भीम सिंह चतुर्वेदी एवं समस्त शिक्षक कर्मचारी एवं प्रजापति के परिवार के संयोजन से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष अरुण कुमार द्विवेदी प्राचार्य चिलहारी, विशिष्ट अतिथि हरिभूषण प्रजापति, सेवानिवृत शिक्षक राम खेलावन मिश्रा, सेवानिवृत शिक्षक संतोष त्रिपाठी प्राचार्य बडछड़ रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य भीम सिंह चतुर्वेदी ने प्रजापति का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम उपरांत सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं के साथ अतिथियों ने सुखलाल प्रजापति को भावभीनी बिदाई दी।